युवा स्वाभिमान साइक्लोथॉन की शुरुआत

नव भारत न्यूज

इंदौर, 14 जुलाई. कांग्रेस ने इंदौर से युवा स्वाभिमान यात्रा जेन जी शुरू की. नीट पेपर लीक, सीबीएसई बोर्ड में गड़बड़ी, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ और बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर भोपाल तक उक्त यात्रा निकाली जा रही है. यात्रा मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने के साथ सम्पन्न होगी.

आरएनटी मार्ग यूनिवर्सिटी गेट से गांधी प्रतिमा रीगल चौराहे से शुरू हुई. यात्रा का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी स्वयं कर रहे हैं. पटवारी साइकिल से रवाना हुए. साइकिल यात्रा शुरू करने से पहले पटवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि हर पेपर लीक और धांधली के पीछे भाजपा और आरएसएस के लोगों का नाम आता है. नीट पेपर लीक कांड में 20 से ज्यादा युवाओ ने आत्महत्या कर ली है. पटवारी ने कहा कि यह केवल साइकिल यात्रा नहीं, बल्कि देश के युवाओं के सम्मान, शिक्षा और भविष्य को बचाने का आंदोलन है. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं के सपनों के साथ विश्वासघात किया है. प्रतियोगी परीक्षाओं के 90 से अधिक पेपर लीक होने की घटनाओं ने करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल दिया है. साइक्लोथॉन में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, विजयलक्ष्मी साधौ,सत्यनारायण पटेल, विधायक सचिन यादव,राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घंगोरिया उपस्थित थे.

कांग्रेस की प्रमुख मांगें: 1. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तत्काल इस्तीफा. 2. नीट एवं सभी पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच. 3. पेपर लीक माफिया पर कठोर कार्रवाई होना चाहिए. 4. सभी प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सरकारी भर्तियों का वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाए. 5. कक्षा केजी से पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा लागू हो.

गिरिबाला की बढ़ी न्यायिक हिरासत अवधि

सीबीआई ने कोर्ट को बताया नहीं मिली पीएम रिपोर्ट

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 14 जुलाई. ट्विशा शर्मा मौत के मामले में पूर्व जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह फिलहाल 28 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे.

मंगलवार को कोर्ट में गिरिबाला सिंह और सीबीआई के अधिवक्ताओं की तरफ से दलीलें रखी गईं. वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से दोनों आरोपियों की पेशी की गई. सूत्रों के मुताबिक सुनवाई को दौरान कोर्ट में सीबीआई की तरफ से कहा गया कि गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह से दोबारा मांगे जाने वाले वायस सैंपल को देने से भी इंकार किया है, जबकि मामले में गिरिबाला सिंह के अधिवक्ता की तरफ से सैंपल देने की बात और जांच में दोनों के सहयोग देने की बात कही गई. सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि ट्विशा के दूसरे पीएम की रिपोर्ट भी एम्स की तरफ से नहीं दी गई है. मामले में सूत्रों का कहना है कि एम्स दिल्ली की टीम ने 10 जुलाई को अंतिम फॉरेंसिक रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में जांच एजेंसी को सौंपी है.

हालांकि इन दावों की फिलहाल आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. इससे पूर्व 3 जुलाई को कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने गिरिबाला सिंह का वायस सैंपल लिया था लेकिन समर्थ ने इससे इंकार दिया था. कोर्ट ने दोनों की 14 दिन की रिमांड कोर्ट ने बढ़ा दी है. वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिला अदालत में दोनों जुड़े. मामले में सीबीआई के अधिकारियों ने सुनवाई के दौरान कोर्ट से रिमांड बढ़ाने की मांग की, जिसे स्वीकार किया गया. कोर्ट ने इससे पहले 30 जून को मामले की सुनवाई करते हुए गिरिबाला सिंह और समर्थ की 14 जुलाई तक न्यायिक हिरासत बढ़ाई थी.

50 साल पुराने रास्ते पर दबंगों का कब्जा, सरकारी सड़क निर्माण रुकवाया

ग्रामीणों ने की थाना चाकघाट में कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

चाकघाट, 14 जुलाई. चाकघाट समीपस्थ ग्राम बरेठी कला में जनपद पंचायत की योजना के तहत बन रही एक ग्रामीण सड़क को कथित रूप से दबंगों द्वारा रुकवा देने और ग्रामीणों को जान से मारने तथा अंग-भंग की धमकी देने का मामला सामने आया है। ग्राम बरेठी कलां के कई ग्रामीणों ने पुलिस थाना चाकघाट में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, ग्राम बरेठी कलां स्थित खसरा नंबर 114, जो राजस्व अभिलेखों में सड़क/रास्ता के रूप में दर्ज है तथा उससे सटी खसरा नंबर 188, जो आबादी भूमि के रूप में दर्ज है, से होकर पिछले लगभग 50 वर्षों से ग्रामीणों का आवागमन होता रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके घरों तक पहुंचने का यही एकमात्र रास्ता है।ग्रामीणों के मुताबिक, इस जर्जर मार्ग को शासन की योजना के तहत पक्का करने का कार्य 5 जून 2026 से शुरू हुआ था। आरोप है कि 10 जून 2026 को गांव के ही तीन दबंग निर्माण स्थल पर पहुंचे और खसरा नंबर 188 को अपनी निजी भूमि बताते हुए निर्माण कार्य का विरोध किया। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने ठेकेदार और मजदूरों को धमकाकर काम बंद करा दिया, जिसके बाद से निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है।

पैर काट देंगे, जान से मार देंगे जैसी धमकियों का आरोप-ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने विशेष रूप से राजेंद्र प्रसाद मिश्र को धमकी देते हुए कहा कि यदि वह इस रास्ते से निकले तो उसका पैर काट दिया जाएगा। इसके अलावा सभी शिकायतकर्ताओं को हाथ-पैर तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने के साथ अभद्र गालियां भी दी गईं।

रास्ता बंद होने से जनजीवन प्रभावित-शिकायतकर्ताओं का कहना है कि रास्ता अवरुद्ध होने के कारण उनके परिवारों का सामान्य जीवन प्रभावित हो गया है।

बच्चों का स्कूल जाना, बीमारों को अस्पताल पहुंचाना तथा आवश्यक सामान लाना-ले जाना कठिन हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकारी सड़क निर्माण कार्य भी 10 जून से बंद पड़ा है, जिससे शासन की विकास योजना प्रभावित हो रही है।

एसडीएम को भी दिया था आवेदन-ग्रामीणों ने बताया कि घटना के अगले दिन 11 जून 2026 को उन्होंने अनुविभागीय दंडाधिकारी, त्योंथर को भी लिखित आवेदन देकर हस्तक्षेप की मांग की थी। उनका आरोप है कि इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है और आरोपी लगातार धमकियां दे रहे हैं।

पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग-पीड़ित ग्रामीणों ने थाना चाकघाट में आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी, रास्ता खुलवाने तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

उनका कहना है कि जब तक प्रशासन प्रभावी कार्रवाई नहीं करेगा, तब तक उनके परिवार भय के साए में जीवन जीने को मजबूर रहेंगे।

आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस ने रीवा में नई शाखा खोली

नवभारत न्यूज

रीवा, 14 जुलाई आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ("एबीएचएफएल"), जो आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड की सहायक कंपनी और भारत की प्रमुख हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक है, ने रीवा में नई शाखा खोलकर मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया है।

यह विस्तार कंपनी की देशभर में अपने वितरण नेटवर्क के विस्तार की व्यापक योजना का हिस्सा है।

इस नई शाखा के साथ हरियाणा में एबीएचएफएल की कुल शाखाओं की संख्या 22 हो गई है, जिससे तेजी रीवा में महत्वपूर्ण आवासीय विकास देखने को मिलने वाला है, जहाँ रीवा एयरपोर्ट की शुरुआत इस क्षेत्र के रियल एस्टेट बाजार के लिए एक प्रमुख उत्प्रेरक के रूप में उभर रही है। रीवा हवाई अड्डा मध्य प्रदेश का छठा कमर्शियल हवाई अड्डा है, जो रीवा को भोपाल, लखनऊ, खजुराहो और दिल्ली से जोड़ता है।

ADITYA BIRLA CAPITAL
HOME LOANS

इस बेहतर कनेक्टिविटी से क्षेत्र में व्यापार, रोजगार और पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। जैसे-जैसे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ रही है, हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्रों में आवासीय विकास गति पकड़ रहा है, और खरीदारों की दिलचस्पी भी लगातार बढ़ रही है। अपनी नई शाखा के माध्यम से, कंपनी ग्राहकों की आवश्यकताओं के मुताबिक तैयार किए गए हाउसिंग फाइनेंस समाधानों तक पहुंच को आसान बनाएगा, जिससे ग्राहक अधिक सुगमता और सुविधा के साथ अपने घर के मालिक बनने के सपने को पूरा कर सकेंगे।

क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित : विश्वामित्र पाठक

- विधायक ने पतुलखी,नकझरकला एवं खुटेली में आयोजित कार्यक्रमों में जनसभा को किया संबोधित

नवभारत न्यूज

सीधी 14 जुलाई, सिहावल विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागवन, बिजली,पानी एवं अधोसंरचना विकास सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से काम हो रहा है।सभी क्षेत्रों में एवं सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

उक्त आशय के विचार क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक ने विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत पतुलखी, नकझरकला एवं खुटेली में आयोजित कार्यक्रमों में जनसमुदाय को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत पतुलखी में नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण,ग्राम पंचायत खुटेली में हनुमान मंदिर परिसर में चबूतरा एवं शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण, पीएम श्री विद्यालय खुटेली में पीसीसी एवं शेष भाग में बाउंड्रीवाल का कार्य तथा शिवलाल विश्वकर्मा के घर से कुआं होते हुए बसोरबस्ती तक पीसीसी निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुटेली व नकझरकला में सायकल वितरण का कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित रोहित उपाध्याय सीईओ ने निर्माण कार्यों की लागत एवं इनसे जनमानस को मिलने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं से अवगत कराया। खण्ड शिक्षा अधिकारी छोटेलाल सिंह ने सायकल वितरण एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान एवं विकास को केंद्र में रखकर संचालित हैं सरकार की मंशा है कि विकास से कोई क्षेत्र अछूता न रहे।क्षेत्रीय विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में संचालित योजनाओ निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण,मध्यान्ह भोजन,गणवेश, सायकल, छात्रवृत्ति प्रदाय आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। छात्र - छात्राओं को सायकल मिल जाने से विद्यालय आने जाने में सुविधा होगी एवं समय की भी बचत होगी। मुख्य अतिथि ने विद्युतीकरण पेयजल एवं अन्य आवश्यक मांगों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया।मुख्य अतिथि ने उपस्थित अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कहा। विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया।कार्यक्रम पश्चात विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया।

जन जागृति चौपाल आश्रम ने दी एक और जरूरतमंद बेटी को सिलाई मशीन

सम्पति दास गुप्त

हनुमना, 14 जुलाई. समाज सेवा के क्षेत्र में मऊगंज जिले की नहीं प्रदेश के अनेक जिलों में अपने विभिन्न सामाजिक कार्यों से समाज के अनशोषित पीड़ित तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए मील का पत्थर साबित हो रही.

जन जागृत चौपाल आश्रम अर्जुनपुर हनुमना द्वारा स्वरोजगार योजना अंतर्गत मऊगंज लेकर हनुमना जनपद की ग्राम सलैया निवासी शिखा मिश्रा पिता सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा नामक एक और जरूरतमंद हनुमान क्षेत्र की बेटी को सिलाई मशीन देकर उसे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का सराहनीय प्रयास किया है। उल्लेखनीय है कि जनजागृति चौपाल आश्रम अर्जुनपुर के संस्थापक जाने-माने समाजसेवी पंडित ललित शुक्ला द्वारा तकरीबन 30 वर्षों से मऊगंज जिले ही नहीं प्रदेश के विभिन्न जिलों में ऐसे समाज सेवा के अनेक घोषित कार्यक्रम चलाते आ रहे हैं। प्रकृति के संरक्षण संवर्धन प्रति अतीव लगाव रखने वाले श्री शुक्ला प्रारंभ से ही जहां वृक्षारोपण के महान लक्ष्य को लेकर समूचे प्रदेश में निशुल्क वृक्ष वितरण के माध्यम से समाज सेवा का जो संकल्प की शुरुआत की थी आज वह संकल्प

विभिन्न प्रकार के सामाज सेवा के अनेक प्रकल्पों के माध्यम से अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उल्लेख करना आवश्यक होगा कि तकरीबन 20 वर्षों से हनुमान जो कि उनकी जन्म भूमि होने से उनके कर्म क्षेत्र छिंदवाड़ा में होने के बावजूद जन्मभूमि यमपुरी सुहावनि, जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी के उदात्त भाव को लेकर समाज व राष्ट्र कल्याणार्थ यज्ञों का आयोजन हनुमत जयंती पर विधवा प्ररित्यक्ता असहाय व निशक्त जनों को बिना किसी जाति भेद के सिलाई मशीन प्रदान कर एक-एक बार में 25ट्ठ 25 जरूरतमंदों को भी एक साथ निशुल्क सिलाई मशीन भी जहां प्रदान की गई वहीं जिन बहनों बेटियों की शादी है उन्हें जरूरत के अनुसार राशन सामग्री एवं वस्त्र आदि तथा अन्य जीवन उपयोगी सामग्री का वितरण अस्पताल एवं विद्यालयों में पंख व्हीलचेयर टाटपट्टी आदि के माध्यम से समय-समय पर जो सेवा के कार्य करते रहे हैं वह भी अघोषित रूप से। हनुमत जयंती 2025 से स्वरोजगार योजना का शुभारंभ। वहीं संस्था की कोर कमेटी द्वारा अधिक से अधिक जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने संस्था ने स्वरोजगार योजना जैसे अभिनव योजना की शुरुआत की जिसके अंतर्गत कोई भी जरूरतमंद मां बहन बेटियां 2750 रुपए जमा कर पायदान सहित उच्च क्वालिटी की सिलाई मशीन प्राप्त कर अपना स्वरोजगार प्रारंभ कर सकती है। इस योजना के अंतर्गत भी विशेष कर मऊगंज जिले की जरूरतमंद मां बहन बेटियों ने लाभ प्राप्त किया है। इसी योजना के अंतर्गत शिखा मिश्रा को आज सिलाई मशीन उपलब्ध कराई गई है

वैदिक मंत्रोच्चार से एम सी ग्लोबल स्कूल में हुआ किड्स प्ले हाल का उद्घाटन

सम्पति दास गुप्त

हनुमना, 14 जुलाई. एम सी ग्लोबल स्कूल में आज हनुमना नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुशीला गुप्ता ने नन्हे मुन्ने बच्चों को एक छत के नीचे खेल-खेल में संस्कारित ज्ञान सीखने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा निर्मित विशाल हाल का वेदिक पूजा पाठ एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर लोकार्पण किया।

उल्लेखनीय है कि एम सी ग्लोबल स्कूल हनुमना इंग्लिश मीडियम होते हुए भी भारतीय सनातन संस्कृति के अनुरूप संस्कारित शिक्षा के माध्यम से छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु स्थापना

के चंद वर्षों में ही अपनी पहचान बन चुके एम सी ग्लोबल स्कूल में छोटे बच्चों को खेल खेल में ही संस्कारित ज्ञान सीखने की शुरुआत के अभिनव प्रयोग ने समूचे क्षेत्र में नन्हे मुन्ने बच्चों के अभिभावकों के बीच नई पहचान स्थापित कर जिले व क्षेत्र का अग्रणी किड्स प्ले स्कूल जहां साबित हुआ है। उक्त विद्यालय में नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं को एक साथ खेल-खेल में संस्कार ज्ञान देने के लिए बड़े हाल की सौगात छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय प्रबंधन ने दिया है जिसका उद्घाटन हनुमना नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुशीला गुप्ता ने आचार्य पंडित श्रीनाथ मिश्रा के सानिध्य में विधिवत पूजा पाठ हवन आदि वैदिक विधि विधान पूर्ण करने के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार कर के फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर जितेंद्र केसरी प्राचार्य प्रिया केसरी एवं संरक्षक बनवारी लाल गुप्ता बैढ़न आदि की विशेष उपस्थिति के साथ विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं एवं छात्र की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

बिजली कर्मचारी से मारपीट के मामले में 5 पर एफआईआर

गुना. जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में लाइन सुधार कार्य के दौरान बिजली कंपनी के एक आउटसोर्स कर्मचारी से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार 13 जुलाई की शाम ग्राम पाठी में लाइन सुधार कार्य के दौरान आउटसोर्स कर्मचारी नरेश कुमार लोधी के साथ रघुवीर नागर, शिवराज नागर, रमेश उर्फ मिंटू नागर, सोनू नागर तथा रामदयाल धाकड़ ने कथित रूप से गाली-गलौज कर मारपीट की.

महिला से अनैतिक कृत्य के आरोपी को भेजा जेल

उज्जैन. जिले की इंगोरिया थाना पुलिस ने एक महिला से कथित अनैतिक कृत्य करने के आरोपी को घटना के 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया. 12 जुलाई को उज्जैन निवासी आरोपी अर्जुन ने इंगोरिया थाना क्षेत्र स्थित एक किराये के मकान में जबरन प्रवेश कर महिला के साथ कथित अनैतिक कृत्य किया.

पेज एक का शेष

टेक-होम राशन की जिम्मेदारी आजीविका मिशन से वापस ली

4 वर्ष में तीन सौ करोड़ रुपए से अधिक का घाटा होने का दावा किया जा रहा था. इसके चलते स्व सहायता समूह चलाने वाली महिलाओं को बोनस सहित अन्य स्वत्वों का लाभ नहीं मिल रहा था. लिहाजा मिशन को काम देने का फायदा न तो बच्चों को मिल रहा था और न ही हितग्राहियों को, ऐसे में मिशन से काम वापस लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था. कुण्डलिया वृहद सिंचाई परियोजना के लिए 245 करोड़ 45 लाख रूपये की मंजूरी: कैबिनेट ने राजगढ़ में जल संसाधन विभाग की कुण्डलिया वृहद सिंचाई परियोजना को 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग की अवधि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरन्तर संचालन के लिए 245 करोड़ 45 लाख रूपये की स्वीकृति दी है. राजगढ़ जिले में निर्मित यह एक वृहद सिंचाई परियोजना है. वहीं रबी वर्ष 2023-24 विपणन वर्ष 2024-25 में भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत लक्ष्य से अधिक उपार्जित मूंग के लिए 1,587 करोड़ रूपये की नि:शुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया है. निर्णय अनुसार पंजाब नेशनल बैंक से ली गई साख सीमा में 19 जुलाई से 18 जनवरी 2027 तक 6 माह की अवधि के लिए शेष राशि 396 करोड़ रूपये की नि:शुल्क शासकीय प्रत्याभूति और भारतीय स्टेट बैंक से ली गई साख सीमा में 3 जुलाई 2026 से 2 जुलाई 2027 तक 1 वर्ष की अवधि के लिए शेष राशि 1,191 करोड़ रूपये की नि:शुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराई जायेगी.

शाह की 40 मिनट तक योगी से बातचीत

मुख्यमंत्री के अचानक दिल्ली दौरे के बाद कई तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं. माना जा रहा है कि बैठक में राज्य की कानून व्यवस्था, संगठन से जुड़े विषयों और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों पर चर्चा हो सकती है. हालांकि, इन मुद्दों पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. सीएम योगी आदित्यनाथ की भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भी मुलाकात की संभावना जताई गई है. इस मुलाकात को भी संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सिरमौर , 14 जुलाई. पुलिस अधीक्षक महोदय रीवा डॉ गुरकरन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सगरा दीपक तिवारी एवं पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया जहां से आरोपी को न्यायालय पेश किया जाकर जेल भेजा गया है।

13. जुलाई 26 को फरियादिया द्वारा थाना सगरा उपस्थित आकर आरोपी के विरुद्ध गलत काम करने संबंधी रिपोर्ट लेख कराया गया था जिस पर थाना सगरा में

अपराध दर्ज कर आरोपी की पता तलाश की जा रही थी जो मामले के आरोपी को अपराध पंजीबद्ध होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया जाकर पूछताछ की गई जो अपना जुर्म स्वीकार किया जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जाकर जेल भेजा गया है।

विजय साकेत पिता राजेंद्र साकेत उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम नवागांव थाना सगरा जिला रीवा को गिरफ्तार किया गया.थाना प्रभारी सगरा दीपक तिवारी, सहायक उप निरीक्षक अवध साकेत,आर रामनिवास,आर धर्मेंद्र का सराहनीय योगदान रहा.

नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूलवस मेरे आधार कार्ड क्रमांक 7336 7383 2368 में मेरा नाम शैलू विश्वकर्मा (shailu Vishwakarma)एवं पिता का नाम राजा विश्वकर्मा (Raja Vishwakarma) लिखा है । जो गलत है.जबकि मेरा वास्तविक, सही नाम राहुल विश्वकर्मा (Rahul Vishwakarma) है. पिता का नाम अजय कुमार विश्वकर्मा Ajay Kumar Vishwakarma है। मैं शपथ पूर्व बयान करता हूं कि . आज प्रकाशित दिनांक 15 जुलाई 2026 से उक्त नाम सभी जगह, शासकीय रिकॉर्ड में मेरा राहुल विश्वकर्मा (Rahul Vishwakarma) और मेरे पिता का अजय कुमार विश्वकर्मा Ajay Kumar Vishwakarma नाम से लिखा पढ़ा वा जाना जावे. जो सही और सत्य है जो सर्वमान्य है.

पता - अजय कुमार विश्वकर्मा ग्राम- सभापुर बड़ाचछ पोस्ट - हरिहरपुर तहसील घुरेटनपुर -जिला चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) पिन कोड 210202

Presiding Officer: श्री सोनू जैन

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक

(MJC SUC/0000004/2026)

उषा मिश्रा उर्फ गुड्डी.....आवेदक

Vs

हर आम खास.....अनावेदक

प्रो. 604/26
13/07/2026
Process Id- /2026
पेशी दिनांक :-11/08/2026

प्रेषिती- एक प्रति आवेदकगण के पता आवेदन पत्र अनुसार
(1) हर आम व खास पता- जिला सीधी म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को पता न को सूचित किया जाता है कि आवेदक उषा मिश्रा उर्फ गुड्डी पता ने मृतक भगवान प्रसाद मिश्रा S/O राममुनि निवासी ग्राम अमिलिया तहसील सिहावल जिला सीधी (म.प्र.) की पेंशन गुजारा भत्ता राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 11 August 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 11 August 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 11 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा | न्यायाधीश

टिप्पणी:- पेपर प्रकाशन

कृपया ध्यान दें:-

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

जाहिर आम सूचना

सर्व साधारण व्यक्ति/संस्था/निकाय को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है ग्राम-सीधी कला (वार्ड नंबर 20 महाराणा प्रताप), तहसील गोपदबनास, जिला-सीधी (म.प्र.) में स्थित भूमि सर्वे no.117/2/एरिया 0.087 hect. पर बबली, छोहनी, तेरसिया, शकुंतला D/O कालू कुम्हार का स्वत्व दर्ज था। बाद में, मालिक बबली, चोहानी, तेरसिया, शकुंतला पिता कालू कुम्हार ने श्री मयंक बत्रा को एक जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी (GPOA) के ज़रिए सेल डीड (बिक्री विलेख) निष्पादित करने का अधिकार दिया। यह डीड सीधी.सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में निष्पादित की गई थी, जिसका सीरियल नंबर MP418412024A41067240 और तारीख 28/08/2024 है। इसके बाद, GPOA धारक ने बबली प्रजापति के स्वामित्व वाले सर्वे नंबर 117/2 रन के 1215 वर्ग फुट हिस्से को श्री पुष्पराज साहू पिता शिखलाल शाहू को बेच दिया। उक्त विलेख उप-पंजीयक ऑफिस सीधी में निष्पादित किया गया, जिसका पंजीयन क्रमांक MP31IGR18692025A100040042, दिनांक-22/01/2025 था। नामांतरण पश्चात खसरा क्रमांक 117/2/1 पर क्रेता का टाइटल अन्य भुस्वामियों के साथ दर्ज हो गया है। वर्णित संपत्ति किसी व्यक्ति/संस्था/संगठन के पक्ष में बंधक/अनुबंधित/दान/वसीयत/लीज/हस्तांतरित नहीं की गयी है। इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था/संगठन/आमजन को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 5 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार के कार्यालय **PNBHL** शाखा-सीधी (मो.6261335380) या मेरे कार्यालय चेम्बर no.103A, जिला-न्यायालय, सीधी-जिला-सीधी (म.प्र.) मो. 9179636101 में कार्यालयीन समय 10 बजे से 5 बजे के मध्य लिखित/मौखिक व दूरभाष से दस्तावेजो सहित अपना पक्ष व आपत्ति प्रस्तुत करे। तय समय पश्चात किसी भी व्यक्ति/संस्था निकाय द्वारा की गई आपत्ति मान्य नही होगी और मेरा पक्षकार **PNBHL** उक्त विलेख को पाक साफ मानते हुये बंधक कर ऋण स्वीकृत करेगा ।

स्थान-SIDHI दिनांक -15/07/2026

भवदीय
सुजीत सिंह एडवोकेट
चेम्बर न.103A जिला न्यायालय सीधी
जिला सीधी (म.प्र.)
मो.9179636101